Reg. No. [ ]

BCMHDL 231

Choice Based Credit System III Semester B.Com. Degree Examination, April/May 2022
(2020 – 21 Batch Onwards)
COMPULSORY FOUNDATION LANGUAGE – HINDI
(Group – III) (Paper – III)

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (5×2=10)

1) अरे! आप कहाँ रिटायर होंगे। आपको तो एक्सटेंशन मिलेगा।

2) अरे साहब, जमना जी में इतनी रेत है, इतनी रेत है कि ... सीमेंट में कितनी पड़ी क्या पता चलता है।

3) गुप्ताजी, पिछले पंद्रह सालों से मैं और कर ही क्या रहा हूँ ।

4) जमाना ही ऐसा है सर। आजकल तो ईमानदार आदमी खुलकर हँस भी नहीं सकता।

II. ''ताजमहल का टेंडर'' नाटक के आधार पर गुप्ताजी का चरित्र-चित्रण कीजिए। 10

अथवा

'ताजमहल का टेंडर' नाटक का संक्षिप्त सारांश लिखिए।

III. एक शब्द अथवा एक वाक्य में उत्तर लिखिए : (1×5=5)

1) मुखौटा पहनने से क्या होता है ?

2) अनुज लुगुन किस प्रकार के साहित्यकार हैं ?

3) मुखौटे की भाषा में क्या छिपा होता है ?

4) कवि अनुज ने सहजीवी किसे कहा है ?

5) किस प्रकार के व्यक्ति का कोई मुखौटा नहीं होता ?

P.T.O.

IV. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

तरह-तरह के मुखौटे
और मुखौटे पहनना,
बाजार का ही नियम है।
इसीलिए जो नहीं पहनता,
वह बाज़ार से लडता है।

अथवा

रोज कोई हमें धकेलता है
युद्ध भूमि की तरफ़
जो हमें धकेलता है
हम उसी से
लड़ने को तैयार हो जाते हैं।

V. ''मुखौटा'' कविता का सारांश लिखते हुए कवि के संदेश को स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

''गुरिल्ले का आत्मकथन'' का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए।

VI. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (5+5=10)

1) प्रयोजनमूलक हिन्दी के अर्थ और स्वरूप को अपने शब्दों में लिखिए।

2) भेंटवार्ता विधा किसे कहते हैं ? विवरण दीजिए।

3) विज्ञापन लेखन करते समय किन-किन बातों पर ध्यान देना चाहिए ?

4) पारिभाषिक शब्द का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

VII. अ) निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों के हिन्दी रूप लिखिए : (1×5=5)

1) Registrar

2) Director

3) Bill

4) Stipend

5) Act.

आ) आपके नगर में साइकिलों की नई दुकान खुली है – ''प्रीतम साइकिल्स।'' इसका विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

इ) अपने मनपसंद किसी नाटककार अथवा गायक से संबंधित भेंटवार्ता प्रस्तुत कीजिए। 5

ई) निम्नलिखित पद्यभाग पढ़कर दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (1×5=5)

सीमा पर बच्चों की टोली,
खेले रोज प्यार की होली,
वापस लूँ बन्दूकें गोली।
सिर्फ खिलौने ही दिलवाऊँ
अगर मैं राष्ट्रपति बन जाऊँ।।
बच्चे बड़े पदों पर होयें,
बड़े-पड़े बिस्तर में सोएँ,
किलकारी की फसलें बोयें।
खूब चुटकुले उन्हें सुनाऊँ,
अगर मैं राष्ट्रपति बन जाऊँ।।

प्रश्नः

1) कवि क्या बनना चाहते हैं ?
2) सीमा पर बच्चों की टोली रोज़ क्या खेल सकती है ?
3) बन्दूकें और गोलियों को वापस लेकर कवि बच्चों को क्या दिलवाना चाहते हैं ?
4) किसकी फसलें बोयें जाँए ?
5) कवि किन्हें बड़े पदों पर देखना चाहते हैं ?

उ) निम्नलिखित गद्यभाग को मूल की 1/3 में संक्षिप्त कर लिखिए। 5

कोई-कोई चीज़ एक व्यक्ति या एक संस्था के द्वारा ही मिलती है। इसे हकदारी कहते हैं। चंदन पर सरकार की हकदारी है। मैसूर का चन्दन संसार में सर्व श्रेष्ठ है। चंदन का साबुन और चंदन की लकड़ी सरकार के द्वारा निश्चित दाम पर निश्चित एजंट ही बेचते हैं। सरकार के निश्चय के अनुसार चंदन का दाम घटाया-बढ़ाया जाता है, क्योंकि इस व्यापार में सरकार के साथ होड़ करनेवाली दूसरी कोई संस्था नहीं है। फिर भी इसका दाम घटाने-बढ़ाने की सीमा होती है। अगर माल का मूल्य इतना बढ़ाया कि माल बिके ही नहीं, तो माल की खपत घट जाए, तब हकदार को नुकसान हो। इन सब बातों का खयाल करके चन्दन का विक्रय मूल्य निश्चित किया जाता है। ऐसी वस्तु का मूल्य हकदारी मूल्य कहलाता है।

मैसूर का रेशम सारे संसार में गुण और टिकाऊपन के लिए प्रसिद्ध है। कम दामों पर बिकनेवाले रेशमी कपडों के होते हुए भी मैसूर का रेशम हर कहीं बराबर खपता है। और यह सरकार द्वारा निश्चित दाम पर ही बिकता है।

ऊ) सुबह योगाभ्यास से होनेवाले लाभों पर दो मित्रों के बीच के संवाद को प्रस्तुत कीजिए। 5